संक्षिप्त

निराश्रित गाय का उपचार किया

नारायणपुर । कस्बे के बासबैरीसाल में स्थित नायकों के मोहल्ले में एक निराश्रित गाय निमोनिया से ग्रस्त पाई गई, जिसकी सूचना दिनेश कुमार नायक द्वारा दी गई। सूचना मिलते ही पशुधन निरीक्षक यशवंत कुमार यादव और उनके साथी कपिल कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे और गाय का उपचार शुरू किया। पशु निरीक्षक यशवंत कुमार यादव ने बताया कि गाय को कैल्शियम की बोतल चढ़ाई गई और उसे अन्य आवश्यक उपचार भी दिया गया। गाय की स्थिति गंभीर थी, लेकिन तुरंत इलाज से उसे कुछ राहत मिली। इस दौरान गाय को उचित देखभाल और उपचार देने की पूरी कोशिश की गई। कस्बेवासियों ने पशु निरीक्षक और उनके साथियों की सराहना की और कहा कि इस तरह की त्वरित प्रतिक्रिया से गाय को जीवनदान मिल सका। ''गाय की हालत बहुत खराब थी, लेकिन सही समय पर इलाज से अब वह बेहतर महसूस कर रही है।

जयपुर जिले के पहले ट्रांसजेंडर का बर्थ सर्टिफिकेट जारी

चाकसू । नगर पालिका चाकसू की रोजी बारोलिया के नाम अनूठा रिकॉर्ड दर्ज, नगर पालिका चाकसू ने पहली बार पहला ट्रांसजेंडर बर्थ सर्टिफिकेट जारी किया गया । नगर पालिका द्वारा माह नवंबर में जारी किया रोजी बारोलिया का जन्म प्रमाण पत्र जिसमें जन्म प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार भंवर लाल माली द्वारा जारी कर नगर पालिका चाकसू के अधिशाषी अधिकारी डॉ बनवारी लाल मीणा द्वारा रोजी को अपना जन्म प्रमाण पत्र दिया गया। जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त कर रोजी ने खुशी जाहिर की। रोजी बारोलिया राजस्थान की पहली पासपोर्ट पाने वाली ट्रांसजेंडर है जिसका जयपुर जिले में पहले नंबर पर जारी हुआ जन्म प्रमाण पत्र।

रक्तवीर ने बचाई प्रसुता की जान

मालपुरा। जिले के डारेडा तुर्की निवासी एक रक्तवीर ने सोशल मिडिया पर मिली जानकारी के आधार पर अस्पताल पहुंच प्रसुता को रक्त देकर बचाई उसकी जान। जानकारी मे सामने आया कि डारेडा तुर्की निवासी रक्तवीर गणेश राजवीर प्रजापति ने शरद हवा व मध्य रात्री के साथ-साथ बरसात की गिरती बुंदो को नजर अंदाज कर तत्काल अस्पताल पहुंच कर प्रसुता को एक यूनिट रक्त दान कर रक्तदान महादान का संदेश दिया है। रक्तवीर के इस सराहनीय कार्य पर मां श्रीयादे जिला शिक्षा समिति सहित समाज बंधुओ व ईष्टमित्रो ने दी बधाई।

डॉ. कविता को एसटी केटेगरी में मिली फर्स्ट रैंक

देवली । यहां पटेल नगर निवासी डॉ. कविता मीणा ने हाल ही में घोषित हुए मेडिकल ऑफिसर डेंटल में एसटी कैटेगरी में पूरे प्रदेश फर्स्ट रैंक प्राप्त कर ली है। जानकारी के अनुसार डॉ. कविता पत्नी को मेडिकल ऑफिसर डेंटल में कॉमन लिस्ट में 68 वीं रैंक प्राप्त हुई है। इसी के तहत एसटी कैटेगरी में कविता को पूरे राजस्थान में फर्स्ट रैंक मिली है। कविता ने हाल ही में केकड़ी अस्पताल में जॉइनिंग किया है। जानकारी यह भी मिली है कि डॉ कविता ने गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज जयपुर से एमडीएस किया है। उसमें भी कविता ने वर्ष 2018 में पहली रैंक प्राप्त की थी। कविता ने अपनी इस सफलता का श्रेय पति अशोक मीणा को दिया है।

महर्षि गौतम मंदिर में पौष बड़े का लगाया भोग

देवली । पौष माह के चलते रविवार को शहर के बस स्टैंड स्थित महर्षि गौतम के मंदिर में पौषबड़े का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर पकौड़ी व मूंग के हलवे का भोग बनाकर महर्षि गौतम के भोग लगाने के पश्चात प्रसादी का वितरण भक्त जनों में हुआ जहाँ सैंकड़ो लोगों ने प्रसादी प्राप्त की। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के सत्यनारायण तिवाड़ी (सरसडी) राजेन्द्र शर्मा, गौतम हितकारिणी सभा देवली के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा,संजय शर्मा, अमित गौतम, जगदीश शर्मा, मुरलीधर शर्मा, नवल जोशी, सत्यनारायण शर्मा, लादूलाल शर्मा समेत समाज कई लोगो ने इस पुण्य कार्य में सेवाएं प्रदान की।

मोहित यादव का किया अभिनंदन

कोटपूतली। राजस्थान विश्वविद्यालय महासचिव मोहित यादव को एन एस यू आई राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जयपुर से नीमराना जाते वक्त कोटपूतली राजमार्ग पर यादव समाज द्वारा माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

भूपेंद्र यादव ने खैरथल जिले को बरकरार रखने के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार

किशनगढ़ बास। खैरथल तिजारा जिले को यथावत बनाए रखने की राजस्थान की भजनलाल सरकार की घोषणा से खैरथल सहित आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अब कांग्रेस के नेता खुश होकर ढोल बजाए या पटाखे चलाकर खुशी मनाएं खैरथल की जनता को मालूम है की जिले को यथावत बनाए रखने में सबसे बड़ा योगदान अगर किसी का है तो वह है केंद्र सरकार में मंत्री अलवर के सांसद भूपेंद्र यादव का जिन पर खैरथल की जनता को उसी दिन विश्वास हो गया था जब यादव लोकसभा का चुनाव जीतकर मंत्री बन गए थे।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किशनगढ़ बास में स्वागत के दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव से चर्चा की।

खैरथल में लोकसभा चुनाव में भूपेंद्र यादव के लिए वोट मांगने आए सीएम कहकर गए थे कि खैरथल वालों चिन्ता मत करो खैरथल गुरुग्राम की तर्ज पर आगे बढ़ेगा और उन्होंने खैरथल के लोगों से किए वादे को पूरा करते हुए खैरथल तिजारा जिले को यथावत रखने की घोषणा कर विपक्ष को संकट में ढाल उनके हाथ से बोलने का मौका छीन लिया। आमजन के साथ यह बात कांग्रेस के लोग भी अच्छे से जानते हैं कि जिला बरकरार रखा गया है तो इसमें योगदान किस का रहा है। यह सही है कि कांग्रेस राज में खैरथल तिजारा को जिला बनाया गया। लेकिन भाजपा सरकार के बनने के बाद जब कांग्रेस राज में बनाए गए जिलों में खत्म किए जाने वाले जिलों में एक नाम खैरथल तिजारा जिले का भी चर्चा में था। खैरथल के लोगों की नींद उड़ गई थी। तिजारा विधायक महंत योगी बालक नाथ की विधानसभा के लोग तिजारा और भिवाड़ी को जिला बनाने की मांग उठाने लगे। खैरथल के लोगों को लगने लगा की अब जिला खैरथल नहीं रहेगा। इस दौरान भूपेंद्र यादव के अलवर से चुनाव लड़ने की घोषणा ने खैरथल के लोगों की फिर से उम्मीद बनी की भूपेंद्र यादव चुनाव जीतें तो खैरथल जिला रहेगा।

राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद से विपक्ष के नेता खैरथल जिले के लोगों को भ्रमित करने में रहे। खैरथल जिला खत्म होगा। भाजपा के पूर्व विधायक रामहेत यादव नहीं चाहते खैरथल जिला रहे और ना जाने क्या-क्या अफवाह को दौर लोगों को परेशानी में डालते रहे। अब जब भजनलाल सरकार ने खैरथल तिजारा जिले को यथावत रखने की घोषणा कर दी तो यह बात भी रास नहीं आ रही मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने की जगह कांग्रेस राज में बनाए गए जिले का बखान कर आरोप प्रतिरोप लगाने में लगे हैं। खैर भजनलाल सरकार के खैरथल जिले को यथावत रखने के निर्णय से कोई खुश हुआ या नहीं पर खैरथल क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है। खैरथल तिजारा जिला यथावत रखने की सरकार की घोषणा के दूसरे दिन अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव रविवार को खैरथल और मुंडावर में यादव व जाटव समाज की ओर से आयोजित प्रतिभावान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान उन्होंने खैरथल की डॉक्टर सुमित यादव का राजस्थान न्यायिक सेवा आरजेएस में चयन होने व पैरा ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ी निहाल सिंह को सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। इस पहले भूपेंद्र यादव का किशनगढ़ बास बाईपास पर चरण सिंह खेरिया के यहां पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित कार्यकर्ताओं ने खैरथल तिजारा जिला यथावत रखे जाने पर आभार व्यक्त कर खुशी जाहिर की।

- **केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव खैरथल व मुंडावर में यादव एवं जाटव समाज के प्रतिभावान सम्मान समारोह में पहुंचे**

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, पूर्व विधायक रामहेत यादव, जयराम जाटव, पूर्व सांसद डॉक्टर करण सिंह यादव, मुंडावर विधायक ललित यादव, अंजली यादव, इंदर यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भूपेंद्र यादव ने पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस जिले के बनने से जो औद्योगिक विकास इस क्षेत्र का है, उसको आगे बढ़ाते हुए पूरे जिले को आगे बढ़ाने का हम काम करेंगे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राहुल गांधी का जो बयान है, वह राजनीति से प्रेरित और दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया। पूर्व प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय सम्मान दिया जा रहा है क्योंकि वे एक बड़ी शख्सियत थे जिन्होंने देश की सेवा की।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने तो नरसिम्हा राव जी का जो पार्थिव शरीर था, वह कांग्रेस कार्यालय में भी नहीं रखने दिया। इतना ही नहीं, उनका दाह संस्कार भी दिल्ली में नहीं करने दिया। भूपेंद्र यादव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कांग्रेस की लम्बे समय तक सेवा की, पर उनके लिए कांग्रेस कार्य समिति ने खेद के दो शब्द भी नहीं रखे थे। यह उनकी बेटी ने कहा है। मनमोहन सिंह जब प्रधानमंत्री थे, उस समय उनके कैबिनेट का बनाया बिल राहुल गांधी ने फाड़कर फेंक दिया था।

भूपेंद्र यादव ने कहा, जनता जान गई है कि राहुल गांधी छोटी राजनीति, छोटी मानसिकता और छोटी चीजों में घिरे रहते हैं। संसद में राहुल गांधी बड़ा भाषण देते हैं और जब भाजपा के नेता बोलने लगते हैं, तो कांग्रेस के नेताओं को शोर मचाने के लिए उकसाते हैं।

अटल पथ स्वीकृति पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का किया अभिनन्दन

चौमूं / कालाडेरा । ग्राम पंचायत कालाडेरा में बनने वाले अटल पथ पावर हाउस से मण्डी छीपा मोहल्ला होते हुए पंचमुखी बालाजी मन्दिर, खाती मोहल्ले से श्रीजी के मन्दिर होते हुए ग्राम पंचायत से मुख्य बाजार व बस स्टैंड की ओर सड़क निर्माण कार्य का पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने शुभारंभ किया। अटल पथ की स्वीकृति और कार्य शुभारंभ पर ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक शर्मा का अभिनन्दन किया गया। अटल पथ योजनांतर्गत ग्राम कालाडेरा की मुख्य आबादी में बनने वाली सड़क 3.0 किलोमीटर लंबाई के निर्माण में 4.5 करोड़ रुपए की लागत आएगी। पूर्व विधायक शर्मा ने सड़क स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में गांवों को शहरों, बड़े कस्बों या जिले की मेजर सड़कों से बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए अटल पथ बनाने की योजना शुरू की है, चौमूं विधानसभा में तीन अटल पथ मोरीजा, इटावा भोपजी और कालाडेरा में स्वीकृत किए गए। अटल पथ के निर्माण से ग्राम वासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर अभिनन्दन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कालाडेरा सरपंच अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत के उपसंरपच, वार्डपंचो व ग्रामवासियों के साथ पूर्व विधायक शर्मा को ज्ञापन देकर कालाडेरा को नगरपालिका बनाने, कृषि कॉलेज खुलवाने, कालाडेरा में नया पंचायत समिति मुख्यालय बनाना , ग्राम पंचायत के कुमावत बाड़ को पेयजल आपूर्ति को जलदाय विभाग के अधीन करने सहित अन्य मांगें रखी, जिस पर पूर्व विधायक द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। इस मौक़े पर पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, कालाडेरा सरपंच अशोक कुमार शर्मा, कालाडेरा भाजपा मण्डल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, कालाडेरा उपसंरपच गोविन्द नारायण सैन, कालाडेरा व्यापार मण्डल अध्यक्ष महेश कुमार योगी, विमलपुरा पूर्व संरपच रामगोपाल मीणा, आलीसर पूर्व सरपंच बाबूलाल जड़वाल, पूर्व उपसंरपच मुकेश पंचोली, पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष हनुमान खोज, शक्ति केन्द्र संयोजक सोहनलाल कुमावत, एबीवीपी नगर अध्यक्ष बाबूलाल यादव, गिरिराज छीपा, जितेन्द्र सैन मनोहर कुमावत, पूर्व वार्डपंच बुद्धि प्रकाश प्रजापत, मोहनलाल खत्री, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार सैनी, कालाडेरा ग्राम पंचायत के वार्ड पंच अमित नागर, बंशीधर चाहर, नवल टेलर, सीताराम दूत, जगदीश दूत, रामकिशोर यादव, बिरदी चंद टोडावत, गिरधारी लाल मीणा, बूथ अध्यक्ष अर्जुन मामोडिया, मोहन खोज, कैलाश मामोडिया सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

- **ग्राम कालाडेरा की मुख्य आबादी में 3 किमी लम्बाई का 4.5 करोड़ की लागत से बनेगा अटल पथ**

नगर परिषद् की लापरवाही से शहर में जगह-जगह फैली गंदगी

कोटपूतली। नगर परिषद् क्षेत्र में सफाई के नाम पर करोड़ों खर्च के बावजूद ना केवल नालियां गन्दगी से बज बजा कर उफान पर है। बल्कि जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे है। जिम्मेदार मानो कुम्भकरणी नींद सोये है यह कस्बे के तस्वीर वार्ड नं 19 की है एक दो दिन पहले जरा सी बारिश के आते ही सडकों पर पानी भर गया क्योंकि नालियों मे एवं सडकों पर कचरे के ढेर लगे हुए है। यह हालात लगभग शहर के सभी वार्डों मे है। कोई सुनने वाला नहीं है। कोटपूतली नगर परिषद् अपने कमीशनखोरी के खेल में व्यस्त है।

परिषद् को कोटपूतली की सफाई व्यवस्था से कोई लेना देना नहीं है। नगर परिषद् कोटपूतली में सफाई व्यवस्था जीरो है। जानकारी के अनुसार कोटपूतली नगर परिषद् क्षेत्र का टेंडर हरियाणा की बालाजी केयर टेकर के पास है। सफाई का टेंडर करोडों रुपये सालाना का है। यह सफाई का टेंडर 84 लाख प्रति माह का है यानीकि सालाना लगभग 10 करोड़ का है। जिसमें पूर्ण रूप से नियमों को ताक मे रखकर फर्जीवाडा करते हुए ठेका ले रखा है। हरियाणा की बालाजी केयर टेकर द्वारा 514 सफाईकर्मीयों का वेतन प्रति माह उठाया जाता है। जबकि हकीकत मे केवल 74 सफाईकर्मीयों को ही वेतन दिया जाता है। इतना ही नहीं इस कंपनी द्वारा अन्य नगर परिषद् एवं नगर पालिकाओं का सफाई टेंडर लिया हुआ है।सब जगह इन्ही सफाई कर्मचारियों को कागजों मे दिखाया हुआ है। यानी की जीएसटी एवं टैक्स की भी करोडों रुपये की सालाना चोरी की जा रही है।

इस बात की स्थानीय एवं अन्य जगहों के अधिकारीयों को जानकारी है एवं सभी नगर परिषद् व नगर पालिका के अधिकारीयों की मिलीभगत से यह गोरखधंधा चल रहा है। पिछले दिनों इसी कंपनी का मनोहरपुर का टेंडर नोटिस देकर रद्द कर दिया गया था। बावजूद इसके आज तक कोटपूतली नगर परिषद् आयुक्त द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही कि गई है। कम्पनी के एक कर्मचारी ने तो नाम नहीं छापने की शर्त पर कई पाषर्दों से लेकर परिषद् के अधिकारियों व सभापति तक को दिये जाने वाले कमीशन की पोल खोल दी है।

पानी की निकासी नहीं होने से सड़क पर भरा कीचड़

निवाई। जयपुर टोंक रोड पर स्थित बडी के मंदिर के समीप केसोटों के मोहल्ले में जाने वाले मुख्य रास्ते में नव निर्मित सीसी रोड के दोनों साईड में नालियों का निर्माण नहीं होने से सडक पर गंदा पानी व कीचड़ भरा हुआ है। मोहल्ला निवासी विमल जैन बगडी, भागचंद जैन, मुकेशकुमार, भवानी शर्मा व ओमप्रकाश जांगिड़ सहित कई मोहल्लेवासियों ने बताया कि मोहल्ले के मुख्य रास्ते में करीब दो माह पहले सीसी सडक का निर्माण किया गया था। जो ठेकेदार की लापरवाही से सडक पर भरे पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं किया गया जिससे सडक पर गंदा पानी व कीचड़ भरा रहता है। जिसकी बदबू से मोहल्लावासी सहित विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राएं, राहगीर व दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पालिका प्रशासन से सडक पर भरे पानी की निकासी करवाने की मांग की है।

सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिंदू समाज को एकजुट होना पड़ेगा : अमिताचार्य

चाकसू। कस्बे के चम्पेश्वर महादेव मंदिर में शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन कथा व्यास अमिताचार्य ने व्यासपीठ से कथामृत बरसाते हुए शिवतत्व की महिमा बताई। सती के देहत्याग के बाद हिमालय के घर पार्वती के रूप में जन्म लेने से लेकर शिव पार्वती विवाह तक का वर्णन किया गया। शिव विवाह की कथा में श्रोता झूम उठे।कथा पंडाल में भोलेनाथ के जयकारों के बीच सभी ने आनंद में डूबकर नृत्य किया और भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का उत्सव मनाया।

शिव-पार्वती विवाह के भजनों पर झूमे श्रद्धालु।

वहीं कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई शिव पार्वती की सुंदर झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।कथा व्यास अमिताचार्य ने शिव पार्वती विवाह का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत, प्रेत, पिशाच और औघड़ों के साथ बारात लेकर पहुंचे। यह दृश्य देख सभी अचंभित रह गए। भगवान शंकर का विवाह होता देख देवतागण, शिवजी की जय-जयकार कर उठे। सभी ने पुष्प वर्ष की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिंदू समाज को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संसार में कोई बुरा नहीं है। कर्म बुरे होते हैं। उन्होंने कहा कि जब निर्णय लेने का वक्त आए तो शिव का ध्यान करके निर्णय लो। यदि निर्णय नहीं कर पाओ तब माता-पिता के सामने या सद्गुरु के सामने जाकर विचार करना। इसके बाद भी निर्णय लेने में चित्त काम नहीं कर रहा हो तो सात दिन शिवपुराण में जाकर बैठ जाना। सब अच्छा ही होगा। भोलेनाथ को पाने के लिए अहंकार छोड़ना पड़ता है। रावण, कौरव और कंस अभिमान में ही चले गए। उन्होंने कहा कि कथा सुनते समय, नदी में स्नान करते समय, पूजा करते समय, मंदिर में जाते समय, कभी मन में गलत विचार मत लाना। वर्ना उसी के अनुसार तुरन्त फल मिल जाता है। भगवान की आरती के साथ कथा को विश्राम देकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।मंदिर पुजारी पंडित मुकेश शर्मा ने बताया की मंदिर में अर्धनारीश्वर की आकर्षक झांकी सजाई गई और मुख्य मंदिर में 11 विद्वान पंडितो द्वारा सवा लाख महामृत्युंजय जाप किया जा रहा है इस दौरान श्री गोपीनाथ मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा मंत्री राम प्रकाश शर्मा चम्पेश्वर धर्मात्थ ट्रस्ट अध्यक्ष रामकिशोर सोनी मीठालाल शर्मा सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद रही।

- **शिव-पार्वती विवाह के भजनों पर झूमे श्रद्धालु**

सीता-राम विवाह कथा सुन भाव-विभोर हुए लोग, झांकी रही आकर्षक का केंद्र

पावटा। बाबा भरतदास जी सेवा समिति टोरडा(रामपुरा) गुजरान द्वारा बाबा भरतदास बगीची टोरडा गुजरान मे श्री श्री 108 मंगलदास महाराज के सानिंध्य मे आयोजित श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन रविवार को भगवान श्री राम का विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथावाचक मां नर्बदा की कृपा पात्री साध्वी श्री अखिलेश्वरी दीदी मां वागदी संगम आश्रम, नेमावर इंदौर द्वारा कथा के चौथे दिन चारों भाइयों के साथ प्रभु श्रीराम के नामकरण संस्कार, बाल लीला, गुरुकुल में शिक्षा-दीक्षा, प्रभु द्वारा गुरु एवं माता-पिता की सेवा, ताड़का वध, सीता स्वयंवर धनुषयज्ञ में भाग लेना, श्री राम विवाह, अहिल्या का उद्धार आदि प्रसंग का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया।

भगवान श्री राम का विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया ।

श्रीराम विवाह आयोजन को लेकर अयोजको द्वारा पूरे पंडाल को भव्य रूप से सजाया गया। कथा के दौरान साध्वी श्री अखिलेश्वरी दीदी मां ने कहा कि संस्कृति से ही संस्कार का निर्माण होता है। अपने बच्चों में संस्कार भरने के लिए लोगों को संस्कृति से जुड़ा रहना अति आवश्यक है। प्रभु श्रीराम के पिता महाराजा दशरथ राजा थे, वे चाहते तो चारों पुत्रों की शिक्षा के लिए राजमहल में ही व्यवस्था कर देते, परंतु उन्होंने संस्कृति से जुड़े रहकर अपने पुत्रों को गुरुकुल भेजा, ताकि उनमें संस्कार का निर्माण हो सके। प्रभु श्री राम ने गुरु एवं माता-पिता की सेवा की, उसी प्रकार हमें भी अपने गुरुजनों एवं माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। कथा के दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। मौके पर जयराम यादव, जगदीश स्वामी, मोहनलाल मेहरा, पुरण पीटीआई, विमल गर्ग, नीरज सैन, धर्मपाल यादव, रुबी यादव, डॉ. सुरेन्द्र यादव, रणजीत यादव, रोहिताश, राकेश सारण, मुकेश योगी, तुलसीदास, सुभाष यादव, पंकज जिंदल, लोकेश टांक, उमेश अग्रवाल, उमेश टांक, मनोज यादव, भीम सिंह राठी, निलेश टोकस, रामकरण राठी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

- **माता-पिता और गुरु की सेवा करें, बने यशस्वी - साध्वी श्री अखिलेश्वरी दीदी मां**

सार-समाचार

राजपूत समाज की बैठक आयोजित

कोटपूतली। स्थानीय श्री प्रताप राजपूत छात्रावास में रविवार को राजपूत समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुये विजयपाल सिंह तंवर ने समाज को एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर, सीएमएचओ डॉ.आशीष सिंह शेखावत सहित विभिन्न पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। छात्रावास अध्यक्ष नरपत सिंह, पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, सदस्य एड. रविंद्र सिंह ने अपने विचार प्रकट किये। बैठक में राजेंद्र सिंह भौनावास, विजयपाल सिंह, रविंद्र सिंह, कृष्ण सिंह व महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग मौजूद रहे।

कार्यकारिणी का पुनर्गठन

नारायणपुर । कस्बा स्थित सियारामदास आश्रम में रविवार को आदिवासी मीना सेवा समिति वाल क्षेत्र की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मण मीणा ने की। इस दौरान समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें मातादीन मीणा को तीसरी बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। बैठक में समिति की मुख्य कार्यकारिणी में 31 सदस्यों को शामिल किया गया। विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें संरक्षक के रूप में रामस्वरूप विजयपुरा, सहसंरक्षक के पद पर जगमाल ज्ञानपुरा और प्यारेलाल चतरपुरा को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए बुद्धाराम बाबूजी जोधपुरा, मामराज हींसला, जलेसिंह नारायणपुर, शिम्भुदयाल गुरूजी चतरपुरा, और हनुमान द्वारापुर का चयन हुआ। सचिव पद पर श्रवण बामनवास कांकड़, उपसचिव धर्मवीर गढ़ी, महासचिव पूरण कोलाहेडा, कोषाध्यक्ष हरिराम ज्ञानपुरा और उपकोषाध्यक्ष दिनेश बसईजोगियान को नियुक्त किया गया। प्रचार मंत्री के रूप में रामसिंह वैद्य और मालीराम गढ़ी, संगठन मंत्री के रूप में गिर्राज बामनवास और गिर्राज हींसला, तथा व्यवस्था मंत्री के रूप में मुरारी लाल नारायणपुर और महामंत्री हरिप्रसाद लालपुरा को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त, सूचना मंत्री फूलचंद द्वारापुर, सांस्कृतिक मंत्री अशोक ज्ञानपुरा, शिक्षामंत्री राजेश ज्ञानपुरा, पर्यावरण मंत्री सरदारा राम नारायणपुर, और समाजकल्याण मंत्री प्रेमसिंह नारायणपुर को चुना गया। मिडिया प्रभारी के रूप में सुमेर सिंह ज्ञानपुरा और युवा मंत्री के पद पर राजेश बामनवास कांकड़ को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया और उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बीएसएफ बटालियन का स्वागत

फुलेरा। फुलेरा जंक्शन के रेलवे स्टेशन पर रविवार को सीमा सुरक्षा बल की 108 वीं बटालियन के कमाण्डेंट अनु टीपी एवं असिस्टेंट कमाण्डेंट मेडिकल ऑफिसर मनोज कुमावत तथा विशिष्ट अधिकारियों एवं जवानों के नेतृत्व में बटालियन के जैसलमेर से त्रिपुरा प्रस्थान के अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीएसएफ बटालियन माला पहनाकर स्वागत सत्कार तथा राष्ट्र सेवा में सदैव समर्पित जवानों को शुभकामनाएं प्रेषित कर जलपान करवाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के साथ असिस्टेंट कमाण्डेंट मेडिकल ऑफिसर मनोज कुमावत के परिवारजन दादी भंवरी देवी, माता विमला देवी पिता सीताराम कुमावत, भ्राता डॉ. सुनील कुमावत, डॉ. नेहा कुमावत, मनोज कुमावत की धर्मपत्नी एडिशनल एसपी प्रियंका कुमावत, शिवालिक, जयकुमार, रेखा, श्रवण कुमावत सहित फुलेरा भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रणव कयाल, नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, पार्षद सरदार चौधरी, महावीर प्रसाद जैन, गजेन्द्र सिंह शेखावत, मनोज आहूजा, रतन राजोरा,भूपेंद्र गुप्ता, सुरेश कुमार सैनी अनिल टीटू, धर्मेन्द्र सैनी, बाबूलाल कुमावत, स्वरूप चन्द कुमावत, हेमन्त कुमावत, सोहन कुमावत, सुनील भारद्वाज सहित कई लोग उपस्थित रहे।

निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर हुआ

सिकराय। गांगदवाडी गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन बैरवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित रायपुरा व कविता मोतीलाल महर ने फीता काट काटकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में जयपुर से आएं विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बीमार मरीजों के रजिस्ट्रेशन के बाद स्वास्थ्य की जांच कर परामर्श देकर निः शुल्क दवा वितरण की। नेत्र चिकित्सक ने बीमार मरीजों की आंखो की दृष्टि की जांच कर आंखों के लिए निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए। कविता मोतीलाल महर ने बताया कि प्रति वर्ष गांव में नेत्र चिकित्सा और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें जयपुर के विभिन्न अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा बीमार मरीजों का शिविर में स्वास्थ्य की जांच की जाती है। उन्होंने ने बताया कि शिविर में डॉ आर के भीमवाल, डॉ बीएल बैरवा, डॉ मनमोहन, डॉ एसपी सेवल, डॉ हेमन्त मीरवाल, डॉ राकेश रैसवाल, सहित गोल्डन आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने शिविर में बीमार मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उपचार किया। इस दौरान विनोद मीना, रामनाथ, राजेन्द्र, गिर्राज, बिट्टू, गब्दू राम, सहित कई लोग मौजूद रहे।

मनीषा गुर्जर ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

मनोहरपुर। मनीषा गुर्जर पुत्र सतपाल सिंह गुर्जर ने अन्तर विद्यालय द्वितीय कीड़ा प्रतियोगिता में कबड्डी और खो-खो में मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।उन्हें मनोहरपुर में आयोजित पारितोषित वितरण समारोह में मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अध्यापक ने कहा कि यह उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है और उन्हें आगे भी इसी प्रकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मनीषा गुर्जर की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, विद्यालय और समुदाय को गर्व हुआ है। निजी स्कूल के इस होनहार बालिका पर स्कूल को गर्व है। यह उनकी उपलब्धि का प्रमाण है कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत और समर्पण से काम कर सकती हैं।वही मनीषा गुर्जर की इस उपलब्धि के लिए उन्हें मनोहरपुर में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में मेडल देकर सम्मानित किया गया। यह उनकी उपलब्धि का सम्मान है और उन्हें आगे भी इसी प्रकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

''मन की बात'' कार्यक्रम सुना

टोंक। भारतीय जनता पार्टी टोंक जिले के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम के 117वें संस्करण को विभिन्न बूथों पर सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने भी अपने निजी आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 117वें संस्करण के माध्यम से राष्ट्र को सम्बोधित किया। इस दौरान गुड्डू खटीक, हकीकत सौदा, प्रियवीर सि